PODDAR
PIGMENTS

Ref: PPL/JPR/SECT/21-22

Dated : 06.08.2021

BSE Ltd.,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
25th Floor, Dalal Street,Fort,
**MUMBAI - 400 001**

**Company Code : 524570**

National Stock Exchange of India Ltd.,
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
**MUMBAI - 400 051**

**Company Symbol : PODDARMENT**

**Sub: Newspaper Advertisement of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2021.**

Dear Sir(s),

Pursuant to Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of Newspaper Advertisement published in "Business Standard" and "Nafa Nuksan" on August 02, 2021 relating to Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2021.

Kindly take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **PODDAR PIGMENTS LIMITED**

**(Navin Jain)**
**AVP (Legal) & Company Secretary**


**Encl: As above**

**Poddar Pigments Limited**
Regd. Office & Works :
E-10-11 & F-14 to 16
RIICO Industrial Area, Sitapura
Jaipur - 302 022 Rajasthan, India.
Tel.: +91-141-2770202/03/287/291
Fax : +91-141-2771922
Email : jaipur@poddarpigmentsltd.com
CIN : L24117RJ1991PLC006307
GSTIN : 08AAACP1125E1ZZ

# एमनेस्टी स्कीम से 5 हजार व्यापारी लाभान्वित

## वाणिज्य कर विभाग ने 179 करोड़ रुपए की छूट दी

**कोटा/निजी संवाददाता**




वाणिज्य कर विभाग राजस्थान सरकार द्वारा ऐसे सभी व्यवहारियों जिनके विरुद्ध विभाग में 1 जुलाई 2017 से पूर्व की कोई भी मांग बकाया चल रही हो, के त्वरित निपटान के लिए एमनेस्टी स्कीम 2021 की घोषणा की गई है।

अतिरिक्त आयुक्त राज्य कर कोटा आराधना सक्सेना ने बताया कि उक्त योजना में हाड़ौती संभाग के व्यापारियों ने अपनी रूचि दिखाई है और विलिंगनेस व्यापारियों द्वारा प्रदर्शित की जा रही है। विभाग द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर जाकर उन्हें लंबित मांगों की सूचना देने के साथ-साथ एमनेस्टी स्कीम का अधिक से अधिक फायदा लेने के लिए जानकारी प्रदान करते हुए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में अभी तक 4 हजार से अधिक व्यापारियों से व्यक्तिगत संपर्क किया जा चुका है जिन पर विभाग की 238 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बकाया चल रही है। अभी तक संभाग में लगभग 5 हजार व्यापारियों द्वारा एमनेस्टी स्कीम का फायदा लेने के लिए विलिंग्नेस प्रदर्शित की जा चुकी है एवं लगभग 800 व्यापारियों को विभाग द्वारा स्वयं के स्तर पर केवल ब्याज तथा लेट फीस की मांग बकाया होने के कारण एमनेस्टी स्कीम का लाभ दिया जा चुका है। इस प्रकार की मांगों में विभाग द्वारा करीब 25 हजार मांगे समाप्त की जा चुकी हैं तथा लगभग 24 करोड रुपए की माफी विभिन्न व्यापारियों को दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त व्यापारियों द्वारा प्रदर्शित विलिंग्नेस के क्रम में अभी तक व्यापारियों द्वारा करीब 27 करोड़ रुपए राज्य सरकार को जमा कराए जा चुके हैं एवं लगभग 155 करोड रुपए की माफी उक्त व्यापारियों को प्रदान की जा चुकी है। इस प्रकार कोटा संभाग में अभी तक लगभग 179 करोड़ रुपए की छूट विभिन्न मांगों में व्यापारियों को प्रदान की जा चुकी। उन्होंने बताया कि ऐसी बकाया मांग राशि जो 25 करोड़ रुपए से अधिक है के क्रम में द्वितीय चरण में बकाया ब्याज या पेनल्टी की 45 प्रतिशत तथा तृतीय चरण में बकाया ब्याज या पेनल्टी का 50 प्रतिशत राशि जमा कराने पर शेष ब्याज, लेट फीस, पेनल्टी एवं आरोपित ब्याज से छूट प्रदान की जाएगी।

# नाहरगढ़ में सफारी के 2 नए रूट बनाने की तैयारी



**जयपुर।** राजस्थान का वन विभाग जयपुर में पर्यटकों का आकर्षण बढाने के लिए नाहरगढ़ अभयारण्य में लेपर्ड सफारी (तेंदुआ सफारी) के 2 नए रूट्स बनाने की तैयारी कर रहा है। ये दोनों रूट्स पापड़ का हनुमानजी से लेकर मयाला बाग तक और बॉयोलॉजिकल पार्क से लेकर ओदीराम सागर तक बनेंगे। जिला वन अधिकारी (डीएफओ) अजय चित्तौड़ा ने कहा कि विभाग को ये दोनों रूट विकसित करने की मंजूरी मिल गई है। बजट मंजूर होने के बाद ग्रासलैंड और ट्रैक्स का काम शुरू हो जाएगा।

2020 की वन्यजीव गणना के अनुसार जयपुर के आसपास 52 वर्ग किलोमीटर के वन्य क्षेत्र में 5 तेंदुआ शावकों और 10 वयस्त तेंदुओं का निवास है। इनमें 3 मादा और 7 नर तेंदुए हैं। तेंदुओं के अलावा 35 साही, 30 लकड़बग्घे, 5 लोमड़ियां, 248 नीलगाय, 1440 मोर, 50 नेवले नाहरगढ़ में हैं। स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ (एसबीडब्ल्यूएल) सदस्य धीरेन्द्र गोधा ने कहा कि राजस्थान पहला राज्य है, जहां प्रोजेक्ट लेपर्ड शुरू किया गया है और झालाना में इसकी मॉनीटरिंग हो रही है। इस कदम से नाहरगढ़ को भी झालाना जैसा बनने का मौका मिलेगा। अगले चरण में वन विभाग को गलता का भी विकास करना चाहिए।

नाहरगढ़ मैटर्स नाम से कैंपेन चलाने वाले होप एंड बियांड के चेयरमैन जो गार्डनर कहते हैं कि स्टाफ की कमी के कारण अभयारण्य में तेजी से अतिक्रमण बढ़ रहा है। जो लोग नाहरगढ़ की सैर करते हैं, वे भी इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं और इसे वन नहीं मानते हुए शराब की बोतलों सहित कचरा फैलाकर चले जाते हैं। उनकी संस्था ने अब तक 5.5 टन कचरा इकट्ठा किया है। झालाना में तेंदुआ अभयारण्य बनने के 2 साल बाद जो स्थिति है, उससे उत्साहित होकर वन विभाग ने सफारी के लिए नए मार्ग बनाने का फैसला किया है। झालाना के एक वन अधिकारी ने कहा कि वाइल्डलाइफ टूरिज्म में झालाना शाइनिंग एक्जांपल है। भीड़ भरे शहर के बीच में इस सफारी की सैर रोजाना करीब 100 पर्यटक करते हैं। नाहरगढ़ अभयारण्य के दायरे में कई बड़े होटल हैं। इको-टूरिज्म के जरिए अभयारण्य के आत्मनिर्भर बनने की संभावना बनेगी।

## महिला रोगी की छाती की गांठ का बिना ऑपरेशन इलाज

**उदयपुर/नि.सं.।** गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में एक महिला रोगी की छाती में गांठ का बिना ऑपरेशन सफल इलाज किया गया। गीतांजलि के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. धवल व्यास, डॉ. मनीष डोडमानी, सर्जरी विभाग के डॉ. कमल किशोर विश्नोई के अथक प्रयास से यह संभव हो सका। डॉ. पंकज ने बताया कि रोगी की छाती में जन्मजात गांठ थी, जिसका आकार 4 गुना 5 सेमी था। गांठ से छाती में दर्द होने पर अस्पताल दिखाया। गीतांजलि अस्पताल आने पर रोगी की एंडोस्कोपी की गई। पानी से भरी गांठ को भोजन नली में एंडोस्कोपी द्वारा चीरा लगाकर पानी को बाहर निकाल दिया। अक्सर ऐसे में हृदय शल्य चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन किया जाता है।

## कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए हिन्दुस्तान जिंक का बड़ा कदम

**उदयपुर/नि.सं.।** भारतीय खनन को डीकार्बोनाइज करने के लिये महत्वपूर्ण और बड़ा कदम उठाते हुए हिंदुस्तान जिंक ने फिनलेण्ड की प्रौद्योगिकी फर्म नॉर्मेट ग्रुप ओवाई के साथ भूमिगत खनन में बैटरी संचालित इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुएए हिंदुस्तान जिंक अपनी भूमिगत खदानों में नॉर्मेट स्मार्टड्राइव व्हीकल्स (एनएसडीवी) का उपयोग करेगा, जिससे खदान के संचालन को पर्यावरण के अनुकूल और सस्टेनेबल बनाने में मदद मिलेगी। हिन्दुस्तान जिंक भारत में खनन क्षेत्र में पहली कंपनी है जिसने यह पहल की है। कंपनी खनन में बदलाव लाने और सस्टेनलबल तकनीक को लागू करने में अग्रणी है। हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि हम सदैव सस्टेनेबल संचालन और अब रेस टू नेट जीरो की प्रतिबद्धता के अनुरूप पर्यावरण के अनुकूल तकनीक और नवाचार को प्राथमिकता देते है।

## 37 करोड़ से ज्यादा के विलम्बित भुगतान के 58 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**बीकानेर/नि.सं.।** एमएसएमइडी एक्ट 2006 के प्रावधानों के तहत विलम्बित भुगतानों के प्रकरणों के निस्तारण के लिए गठित सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद की द्वितीय संभाग स्तरीय दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को परिषद के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त निदेशक उद्योग वाई.एन. माथुर की अध्यक्षता में हुई। जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबन्धक एवं सुविधा परिषद की प्रभारी मंजू नैण गोदारा ने बताया कि बैठक में 37 करोड़ 71 लाख एक हजार 580 रुपए के विलम्बित भुगतान के 58 प्रकरणों की सुनवाई की गई। जिनमें परिषद द्वारा 06 प्रकरणों में आपूर्तिकर्ता एवं क्रेता की आपसी सहमति से समझौता करवाया गया। उन्होंने बताया कि 7 प्रकरणों में परिषद द्वारा अंतिम निर्णय जारी किया गया। 37 प्रकरणों में आपूर्तिकर्ता एवं क्रेता के मध्य एमएसएमइडी एक्ट के प्रावधानों के अनुसार कॉउन्सलेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ करवाई गई। इसी प्रकार से 05 प्रकरणों में परिषद द्वारा गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार समझौता नहीं होने के कारण एमएसएमइडी एक्ट के प्रावधानों के अनुसार परिषद के स्तर पर प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। बैठक में एम.एम.एल. पुरोहित, अग्रणी बैंक प्रबंधक सुरेश शर्मा, प्रबंधक राजस्थान वित निगम, सुविधा परिषद की सहप्रभारी पूजा शर्मा, सुविधा परिषद के मनीष सुथार एवं रमाकान्त शर्मा उपस्थित रहे।

## इनकम टैक्स विभाग की नई वेबसाइट दो माह से बंद, नये करदाता का नहीं हो पा रहा पंजीकरण

**कोटा।** टैक्स बार एसोसिएशन कोटा ने केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र प्रेषित कर इनकम टैक्स की रिटर्न दाखिल करने में आ रही समस्याओं के निराकरण की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार विजय ने बताया कि इनकम टैक्स विभाग की नई वेबसाइट पिछले दो माह से रूक-रूक कर चल रही है, जिसके कारण करदाताओं को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इनकम टैक्स का नया पोर्टल बनाने के लिए एक जून से 7 दिन के लिए वेबसाइट को बंद कर दिया गया था और 7 जून को पुनः चालू किया गया, लेकिन 2 माह के बाद भी इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं हो पा रही है। पुराने फाइल किए रिटर्न का वैलिडेशन आधार ओटीपी से होता है जो भी नहीं हो पा रहा है। नये करदाता का पंजीकरण भी नहीं हो पा रहा है।

## For Your Information...

**Today's Infographic: Insurance Penetration Across Countries**




USA - 11.4%
UK - 10.3%
France - 9.3%
Japan-9%
Global Average-7.2%
China-4.3%
India-3.8%

Source: PayTM Prospectus

Compiled by Nafanuksan Research

## विचार सागर

*''यह सही है कि गुस्से में इंसान दूसरे का कम, स्वयं का ज्यादा नुकसान करता है, अतः यथासंभव गुस्से को निर्यत्रित करें।''*

- पी.सी. वर्मा

*''व्यक्ति तो नेतृत्व-गुणों के साथ ही पैदा होता है, बस उन्हें विकसित करने की आवश्यकता है।''*

- के.आर. कमलेश

## Thoughts of the time

A man there was, and they called him mad; the more he gave, the more he had.

- John Bunyan

## राजस्थानी कहावत

**खाया जित्ता चाया कोनीं**

**खाया जितना चबाया नहीं**

- कब चबाया हुआ भोजन कुछ मुश्किल से पचता है।
- जो सलीके से काम करना न जाने।

*-स्व. विजय दान देथा*

*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## सोमवार के चौघड़िए

सम्वत् 2078 श्रावण बुदी नवमी
राहुकाल : प्रातः 7:30 से 9:00 बजे तक
सूर्योदयः 5.55 बजे और सूर्यास्त : 7.10 बजे

| | |
|---|---|
| प्रातः 5.55 से 7.34 | अमृत |
| 7.34 से 9.14 | काल |
| 9.14 से 10.53 | शुभ |
| 10.53 से 12.33 | रोग |
| 12.33 से 2.12 | उद्वेग |
| 2.12 से 3.52 | चर |
| 3.52 से 5.31 | लाभ |
| 5.31 से सूर्यास्त 7.10 | अमृत |
| रात्रि 7.10 से 8.31 | चर |
| 8.31 से 9.52 | रोग |
| 9.52 से 11.13 | काल |

## एमएसएमई के लिये नीतिगत स्तर पर सर्वाधिक ध्यान देने की जरूरत, सरकार हर कदम उठाएगी : कुमार

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिये नीतिगित स्तर पर सर्वाधिक ध्यान देने की जरूरत है और सरकार इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए जो कुछ भी आवश्यक है, वो कदम उठाएगी। इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईएसआईडी) के ऑनलाइन कार्यक्रम में कुमार ने कहा कि सरकार और आरबीआई ने एमएसएमई क्षेत्र की मदद के लिए कई उपायों की घोषणा की है। उन्होंने कहा, ''सभी पक्षों को एमएसएमई क्षेत्र के लिये नीतिगत स्तर पर सर्वाधिक ध्यान देने की जरूरत है। एमएसएमई के लिये काफी कुछ लिखा गया है लेकिन क्षेत्र के लिये कुछ चुनौतियां हाल तक बनी हुई थी।'' एमएसएमई की आय में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है और इस क्षेत्र की तीन में से एक के लाभ तथा आय में महामारी के दौरान गिरावट आयी।

# नेशनल • इंटरनेशनल

## उच्च गुणवत्ता की खातिर भारत सेवा क्षेत्र के लिए मानदंड बना रहा है : गोयल

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** भारत सेवा क्षेत्र के लिए मानदंड बना रहा है। इससे देश बाकी दुनिया को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की पेशकश कर सकेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत स्वास्थ्य सेवा, होम डिलिवरी, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने आईएसीसी-एनआईसी के दूसरे भारत-अमेरिका सेवा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत में हम सेवाओं के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मानक बना रहे हैं जिससे हम बाकी दुनिया को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की पेशकश कर सकेंगे। चाहे वह वित्तीय प्रौद्योगिकी हो, शिक्षा प्रौद्योगिकी हो या टेलीमेडिसिन, भारत तेजी से दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल बाजार बनने की ओर अग्रसर है।'' विधि सेवाओं के बारे में गोयल ने कहा कि भारतीय अधिवक्ता शीर्षस्तर के हैं और दुनियाभर में उनके लिए काफी अवसर उभर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करेंगे कि निचली अदालतों तथा कानूनी पेशे के वृहद पारस्थितिकी तंत्र में हम वकीलों को पर्याप्त रक्षोपाय उपलब्ध करा सकेंगे। हम आप लोगों (विशेषज्ञों) के साथ संपर्क में रहेंगे। मुझे लगता है कि हमने पहले ही इस विषय की व्यापक समीक्षा के लिए विधि मंत्रालय के अधीनस्थ एक समिति का गठन कर दिया है।'' गोयल ने कहा कि अमेरिका नवोन्मेषण, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और गुणवत्ता वाली शिक्षा का केंद्र है। वहीं भारत में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर कुशल और मेधावी श्रमबल उपलब्ध है। भारत से वैश्विक स्तर पर सेवाओं का निर्यात 2001-02 में 17 अरब डॉलर था, जो 2020-21 में बढ़कर 205 अरब डॉलर हो गया।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा जून अंत में वार्षिक अनुमान का 18.2 प्रतिशत

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** महालेख नियंत्रक (सीजीए) द्वारी जारी आंकड़ों के मुताबिक केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा इस साल जून महीने के अंत में 2.74 लाख करोड़ रुपए रहा। यह पूरे साल के लिए बजट में अनुमानित घाटे का 18.2 प्रतिशत है। जून, 2020 की समाप्ति पर राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2020-21 के बजट अनुमानों का 83.2 प्रतिशत पहुंच गया था। समग्र रूप में इस बार जून के अंत में राजकोषीय घाटा 2,74,245 करोड़ रुपए था। सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2021-22 की समाप्ति पर राजकोषीय घाटा 15,06,812 करोड़ रुपए या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.8 प्रतिशत रहेगा। वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटा या व्यय एवं राजस्व के बीच अंतर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 9.3 प्रतिशत था। यह फरवरी में पेश किए बजट के संशोधित बजट अनुमान के 9.5 प्रतिशत से कम रहा जो राजकोषीय स्थिति में सुधार का परिणाम है। सीजीए के आंकड़े के मुताबिक केंद्र की कुल प्राप्तियां जून, 2021 के अंत तक 5.47 लाख करोड़ रुपए रहीं जो 2021-22 के बजट में कुल प्राप्ति के अनुमान का 27.7 प्रतिशत है। इसमें 4.12 लाख करोड़ रुपए कर राजस्व (केंद्र का शुद्ध हिस्सा), 1.27 लाख करोड़ रुपए का गैर कर राजस्व और 7,402 करोड़ रुपए का गैर रिण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। गैर रिण पूंजीगत राजस्व में 3,406 करोड़ रुपए रिण की वसूली और 3,996 करोड़ रुपए की विनिवेश आय के हैं। पिछले वित्त वर्ष (2020-21) की इसी अवधि के दौरान प्राप्तियां बजट अनुमान का 6.8 प्रतिशत थीं। सीजीए की रिपोर्ट के अनुसार जून तक सरकार ने करों में राज्यों को हिस्से के रूप में 1,17,524 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए।

# आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जून में 8.9% बढ़ा

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** देश में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर इस साल जून में 8.9 प्रतिशत रही। मुख्य रूप से कमजोर तुलनात्मक आधार और प्राकृतिक गैस, इस्पात, कोयला तथा बिजली उत्पादन बढ़ने से बुनियादी उद्योगों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गयी। शुक्रवार को जारी आठ बुनियादी उद्योग के आधिकारिक आंकड़े से यह जानकारी मिली।

आठ बुनियादी उद्योगों-कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली में पिछले साल जून में 12.4 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। इसका कारण कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिये देश भर में लगाया गया 'लॉकडाउन' था। इस साल मई में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 16.3 प्रतिशत जबकि अप्रैल में 60.9 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार कोयला, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में क्रमशः 7.4 प्रतिशत, 20.6%, 2.4%, 25%, 4.3% और 7.2% की तेजी रही। वहीं पिछले साल जून में कोयला, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात, सीमेंट और बिजली उत्पादन में क्रमशः 15.5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 8.9 प्रतिशत, 23.2 प्रतिशत, 6.8 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। कच्चे तेल का उत्पादन आलोच्य महीने में 1.8 प्रतिशत घटा जबकि जून 2020 में इसमें 6 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। उर्वरक क्षेत्र में जून महीने में 2 प्रतिशत की वृद्धि रही। चालू वित्त वर्ष में अपैल-जून तिमाही के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 25.3 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में इसमें 23.8 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। इक्रा की प्रधान अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि राज्यों द्वारा पाबंदियों में ढील दिये जाने, आवाजाही बढ़ने और बिजली मांग बढ़ने....से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई 2021 में 11 से 14 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा, ''हमारा अनुमान है कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआई) जून 2021 में 12 से 17 प्रतिशत रहेगा और बुनियादी उद्योग की वृद्धि से अधिक होगा।

## अप्रैल-जून क्वार्टर में होम सेल्स में 58 प्रतिशत की गिरावट

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** डेटा एनालिटिक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने पिछले सप्ताह जारी अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि कोविड-19 की दूसरी लहर की वजह से अप्रैल-जून, 2021 तिमाही में देश के सात बड़े शहरों में घरों की बिक्री में 58 प्रतिशत की कमी आयी।

आंकड़े के मुताबिक रिहायशी संपत्तियों की बिक्री अप्रैल-जून, 2021 तिमाही में 45,208 इकाई थी जबकि उससे पहले की तिमाही (जनवरी-मार्च 2021) में यह 1,08,420 इकाई थी। प्रॉपइक्विटी ने एक बयान में कहा, अप्रैल और मई में भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर का बुरा असर पड़ा जिसके साथ बिक्री में 58 प्रतिशत की भारी गिरावट आयी। बयान में कहा गया कि भारत के प्रमुख शहरों में कड़े लॉकडाउन ने घरों की बिक्री को प्रभावित किया क्योंकि आवासीय पंजीकरण निलंबित कर दिए गए थे और गृह ऋण का वितरण धीमा था। बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई महानगर क्षेत्र, दिल्ली-एनसीआर और पुणे में 2021 की दूसरी तिमाही में 2021 की पहली तिमाही की तुलना में घरों की बिक्री में क्रमशः 55 प्रतिशत, 59%, 49%, 57%, 63 प्रतिशत, 43 प्रतिशत और 62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। हालांकि वार्षिक आधार पर इस तिमाही में 2020 की समान अवधि की तुलना में बिक्री में वृद्धि दर्ज की गयी। अप्रैल-जून 2021 तिमाही में देश के सात बड़े शहरों में हुई 45,208 इकाइयों की बिक्री अप्रैल-जून 2020 के 29,942 इकाइयों की तुलना में 51 प्रतिशत ज्यादा थी।

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर, हैरिटेज**

क्र.- एफ-6( ) उपा.राज.-द्वि.( सा.प्र. )/ननिज/2021/930 दिनांक-30.07.2021

**सार्वजनिक सूचना**

मूल भूखण्ड संख्या एच-68, बनीपार्क योजना जयपुर का अर्बन इम्पूवमेन्ट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री सजनानी के नाम से आवंटन कर क्षेत्रफल 1224.84 वर्गगज का पट्टा श्री पी.सी. (परमानन्द) साजनानी के नाम से जारी किया गया था। आवेदिका श्रीमती वैद कुमारी कुलक्षेष्ठ द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड मुख्त्यारनामा खास, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा मूल भूखण्ड में से क्षेत्रफल 267.99 वर्गमीटर का उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण श्रीमती वेद कुमारी कुलक्षेष्ठ पत्नी श्री दिनेश कुमार के पक्ष में किया जाना है। इस उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति होतो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय ( उपायुक्त, राजस्व- द्वितीय ) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समप्ति के बाद, नियमानुसार उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त ( राजस्व- द्वितीय ) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

**PODDAR PIGMENTS LIMITED**

REGD. OFFICE: E-10, 11, F-14 to 16, RIICO INDUSTRIAL AREA, SITAPURA, JAIPUR (Raj.)- 302022
CIN: L24117RJ1991PLC006307, Ph No.: 0141-2770202
Email Address: jaipur@poddarpigmentsltd.com, Website Address: www.poddarpigmentsltd.com

**Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June, 2021**

(Rs. in Lakh ,except per share data)

| SL. NO. | Particulars | Quarter Ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| | | 30-Jun-21 | 31-Mar-21 | 30-Jun-20 | 31-Mar-21 |
| 1 | Total Income from Operations | 6171.28 | 8100.63 | 3769.43 | 26433.71 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 642.83 | 1235.29 | 235.84 | 3094.51 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 642.83 | 1235.29 | 235.84 | 3094.51 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 471.87 | 1030.04 | 161.64 | 2,365.76 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] ( Refer note - 2 ) | 1572.63 | 1586.71 | 1700.26 | 5,478.29 |
| 6 | Equity Share Capital | 1061.00 | 1061.00 | 1061.00 | 1061.00 |
| 7 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | |
| | 1. Basic: | 4.45 | 9.71 | 1.52 | 22.30 |
| | 2. Diluted: | 4.45 | 9.71 | 1.52 | 22.30 |

Notes:

1. The above unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and also approved by the Board of Directors at their Meeting held on 31st July, 2021 and have undergone a 'Limited Review" carried by the Statutory Auditors of the Company as required under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India ( Listing Obligations and Disclosure Requirements ) Regulations,2015 The Review Report of the Statutory Auditors is Being Filed with the Bombay Stock Exchange and National Stock Exchange and display on company website i.e.www.poddarpigmentsltd.com.
2. The total Other Comprehensive Income (net of tax) is resultant impact of net gain/ (loss) based on fair value of equity instrument and fair value of actuarial gain/ (loss) as per Ind AS . As per fair valuation, the cumulative impact of Other Comprehensive Income (net of tax) is a net gain of Rs 4525.62 lakhs as on 30th June, 2021 including net gain of Rs. 1100.76 lakhs in the current quarter ended on 30th June,2021.
3. The company has only one reportable segment business segments i.e. Masterbatches. Accordingly, separate information in terms of Ind-AS 108 are not applicable to the company.
4. The outbreak of COVID19 pandemic and consequent lockdown has impacted the regular business operations. The results for the quarter are therefore not comparable with those for the previous quarter. The Company believes that pandemic is unlikely to impact on the recoverability of the carrying value of its assets as at 30th June,2021. The company continues to monitor the economic effects of the pandemic while taking steps to improve its execution efficiencies and the financial outcome.
5. The figures for the quarter ended 31 March, 2021 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the third quarter of the financial year 2020-21.
6. Figures for the previous period have been regrouped/reclassified wherever necessary, to conform to current period's classification.

Place : Chennai
Date : 31st July, 2021

For and on behalf of the Board of Directors
For Poddar Pigments Limited.
S. S. PODDAR
MANAGING DIRECTOR

# STERLITE TECHNOLOGIES LIMITED

**Regd. Office:** 4th Floor, Godrej Millennium, Koregaon Road 9, STS 12/1,Pune - 411001 Maharashtra, India
**CIN:** L31300PN2000PLC202408 | **Phone:** +91-02-30514000, **Fax:** +91-02-30514113
**Email:** secretarial@stl.tech | **Website:** https://www.stl.tech

## NOTICE OF 22nd ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD OVER VIDEO CONFERENCE, BOOK CLOSURE AND DIVIDEND INFORMATION

Notice is hereby given that the 22nd Annual General Meeting ("AGM") of the Company will be held on **Thursday, August 26, 2021 at 9.00 a.m.** IST through Video Conferencing ("VC") / Other Audio-Visual Means ("OAVM") in compliance with General Circular numbers 14/2020, 17/2020, 20/2020 and 02/2021 dated April 8, 2020, April 13, 2020, May 5, 2020 and January 13, 2021 respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs and Circular Nos. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020 and SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021 issued by the Securities and Exchange Board of India and all other applicable laws (hereinafter collectively referred to as "Circulars"), without the physical presence of members at a common venue.

In compliance with the aforesaid circulars, the Notice of the AGM and Annual Report ("AGM Documents") will be sent only through electronic mode to the Members whose e-mail addresses are registered with the Company or the Depository Participant(s) ("DP"). The AGM Documents will also be made available on the Company's website at www.stl.tech, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of KFin Technologies Private Limited ("KFIN") at www.evoting.kfintech.com.

Members can attend the AGM only through VC/OAVM facility. Members will have the opportunity to cast their votes by using remote e-voting or e-voting system that will be made available at the AGM. The Company has engaged the services of KFIN as Authorised Agency for conducting of the AGM through VC/OAVM and providing e-voting facility. Detailed instructions for e-voting and procedure for joining the AGM through VC / OAVM will be provided in the Notice of the AGM to the shareholders.

Members holding shares in dematerialized form are requested to register their email addresses and mobile numbers with their relevant depositories through their DP. Members holding shares in physical mode are requested to furnish their e-mail address, mobile number and self-attested PAN copy to the Company's Registrar and Share Transfer Agent, KFIN at einward.ris@kfintech.com. The AGM Documents and/or login details for joining the AGM through VC / OAVM including e-voting can also be obtained by sending the aforesaid documents to KFIN.

The Register of Members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Tuesday, August 24, 2021 to Thursday, August 26, 2021** (both days inclusive) to determine the entitlement of Members for the final dividend for 2020-21. Payment of dividend, once approved, shall be made through electronic mode to the Members who have updated their bank account details. Dividend warrants / demand drafts will be dispatched to the registered address of the Members who have not updated their bank account details, at the earliest.

In order to receive dividend/s electronically in timely manner, Members are requested to register / update their complete bank details:

a) with their DP with whom they maintain their demat accounts if shares are held in dematerialised mode by submitting the requisite documents, and
b) with KFIN, if shares are held in physical mode, by submitting (i) scanned copy of the signed request letter which shall contain shareholder's name, folio number, bank details (Bank account number, Bank and Branch Name and address, IFSC, MICR details), (ii) self-attested copy of the PAN card and (iii) cancelled cheque leaf.

Payment of dividend will be subject to deduction of tax at source (TDS) at applicable rates. Further details will be provided to the Members along with the Notice of AGM.

Members may also visit www.stl.tech for more details or write to einward.ris@kfintech.com.

**By order of the Board of Directors**
Sd/-
**Amit Deshpande**
Company Secretary & Corporate General Counsel

Place: Pune
Date: August 2, 2021

# PODDAR PIGMENTS LIMITED

**REGD. OFFICE: E-10, 11, F-14 to 16, RIICO INDUSTRIAL AREA, SITAPURA, JAIPUR (Raj.)- 302022**
**CIN: L24117RJ1991PLC006307, Ph No.: 0141-2770202**
Email Address: jaipur@poddarpigmentsltd.com, Website Address: www.poddarpigmentsltd.com

**Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June, 2021**
**(Rs. in Lakh ,except per share data)**

| SL. NO. | Particulars | Quarter Ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| | | 30-Jun-21 | 31-Mar-21 | 30-Jun-20 | 31-Mar-21 |
| 1 | Total Income from Operations | 6171.28 | 8100.63 | 3769.43 | 26433.71 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 642.83 | 1235.29 | 235.84 | 3094.51 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 642.83 | 1235.29 | 235.84 | 3094.51 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 471.87 | 1030.04 | 161.64 | 2,365.76 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] ( Refer note - 2 ) | 1572.63 | 1586.71 | 1700.26 | 5,478.29 |
| 6 | Equity Share Capital | 1061.00 | 1061.00 | 1061.00 | 1061.00 |
| 7 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | |
| | 1. Basic: | 4.45 | 9.71 | 1.52 | 22.30 |
| | 2. Diluted: | 4.45 | 9.71 | 1.52 | 22.30 |

**Notes:**

1 . The above unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and also approved by the Board of Directors at their Meeting held on 31st July, 2021 and have undergone a 'Limited Review" carried by the Statutory Auditors of the Company as required under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India ( Listing Obligations and Disclosure Requirements ) Regulations,2015 The Review Report of the Statutory Auditors is Being Filed with the Bombay Stock Exchange and National Stock Exchange and display on company website i.e.www.poddarpigmentsltd.com.
2. The total Other Comprehensive Income (net of tax) is resultant impact of net gain/ (loss) based on fair value of equity instrument and fair value of actuarial gain/ (loss) as per Ind AS . As per fair valuation, the cumulative impact of Other Comprehensive Income (net of tax) is a net gain of Rs 4525.62 lakhs as on 30th June, 2021 including net gain of Rs. 1100.76 lakhs in the current quarter ended on 30th June,2021.
3. The company has only one reportable segment business segments i.e. Masterbatches. Accordingly, separate information in terms of Ind-AS 108 are not applicable to the company.
4. The outbreak of COVID19 pandemic and consequent lockdown has impacted the regular business operations. The results for the quarter are therefore not comparable with those for the previous quarter. The Company believes that pandemic is unlikely to impact on the recoverability of the carrying value of its assets as at 30th June,2021. The company continues to monitor the economic effects of the pandemic while taking steps to improve its execution efficiencies and the financial outcome.
5. The figures for the quarter ended 31 March, 2021 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the third quarter of the financial year 2020-21.
6. Figures for the previous period have been regrouped/reclassified wherever necessary, to conform to current period's classification.

For and on behalf of the Board of Directors
For Poddar Pigments Limited.
S. S. PODDAR
MANAGING DIRECTOR

Place : Chennai
